## जन आक्रोश रैली का आयोजन

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जनता पार्टी राजस्थान में गहलोत सरकार के खिलाफ और जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए जन आक्रोश रैली का आयोजन करने जा रही है।

जिसके तहत हर जिले में मंडल स्तर पर प्रभारी और सह प्रभारी लगाये गए हैं जो मंडल कार्यसमिति की बैठक में पहुंच जन आक्रोश रैली को सफल बनाने और आम जनता की सहभागिता निभाने के लिए कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे हैं।

इसी कडी में आज सभापति शिवरतन अग्रवाल के आवास पर बैठक आयोजित की गई जिसमें सभापति शिवरतन अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज बंसल, जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, मण्डल अध्यक्ष गिरधारी सोनी मण्डल महामंत्री मिथलेश व्यास, पूर्व मण्डल महामंत्री विनोद शर्मा एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभापति अग्रवाल ने कहा कि 3 से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए आम जनता तक संदेश को पहुंचाना जरूरी है। जिसके लिए कार्यकर्ताओं के दम पर ही सफलता मिल सकती है।

# 'किसान की खुशहाली के लिए ई.आर.सी.पी. को राष्ट्रीय परियोजना बनाया जाना जरूरी'

**हिण्डौन सिटी, टोडाभीम** । पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने कहा है कि हर किसान के घर में खुशहाली के लिए ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना बनाया जाना जरूरी है। इसके लिए सभी किसानों को एकजुट होना चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष मीना गुरुवार को गांव मूड़िया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के भंडारे में मौजूद हजारों की संख्या में ठामीण महिला-पुरुषों को संबोधित कर रहे थे।

गांव मूड़िया में वरिष्ठ अध्यापक धर्मराज बैंसला, संजय सिंह बैंसला और अजय सिंह की ओर से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका भंडारा गुरुवार को आयोजित हुआ। इस दौरान आसपास के कई गांवों के हजारों महिला- पुरुष उपस्थित हुए। सभी ने पंगत पर प्रसादी ठाहण की। समारोह के दौरान पटेल रत्तीराम व ऊदल सिंह पेंचला ने भामाशाह रामनिवास मीना का माला और साफा पहना कर अभिनंदन किया। प्रदेशाध्यक्ष मीना ने धार्मिक

भामाशाह रामनिवास मीना ( बाएं से दूसरे ) का गांव मूडिया में लोगों ने स्वागत किया।

आयोजन के आयोजक धर्मराज बैंसला का भी साफा पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मीना के साथ मौजूद रामाधार पटेल दांतकापुरा, राजेश गुर्जर दांतकापुरा, बद्री पटेल, प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत, भरत सिंह मीना, सुमंत मीना, लोकेश मीना का भी स्वागत सम्मान किया गया। युवा समाजसेवी अतर सिंह छावड़ी के संचालन में आयोजित इस भंडारा समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना ने धार्मिक आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि धर्म के रास्ते पर चलकर ही मानव की भलाई संभव है। इस दौरान उन्होंने ईआरसीपी के बारे में सभी को जानकारी दी और चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक लाने के लिए एकजुट होने का आ ान किया। नंदी ढाह के गांवों की पानी की समस्या के समाधान के लिए गंभीर नदी में पानी लाए जाने की आवश्यकता जताई।

## औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आज

**करौली** (नि.स.) उद्योग विभाग के महाप्रबंधक के.के मीना ने बताया कि राज्य सरकार की नीति अनुरूप् औद्योगिक प्रोत्साहन को बढावा देने के लिए दोपहर 12:30 बजे से पंचायत समिति सभागार टोडाभीम में आज शुक्रवार को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया जावेगा।

उन्होंने बताया की औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर में मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022,राज उद्योग मित्र पोर्टल, रीको में भूखण्ड आवंटन, वनस्टॉप शॉप, मिशन निर्यातक बनो,हस्त शिल्प विकास योजनाऐं इत्यादि के संबंध में भी जानकारी दी जावेगी।

उन्होंने बताया कि सायं 3 बजे से पंचायत समिति सभागार में ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी प्रोत्साहन योजनाए वं मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना की जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं टोडाभीम ब्लॉक के बैंकर्स के साथ कार्यशाला सेमीनार का आयोजन किया जावेगा।

## सार-समाचार

### रोजगार आंदोलन 26 नवंबर को

**वैर** । संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के तत्वाधान में 26 नवंबर को एक दिवसीय रोजगार आंदोलन आयोजित किया जाएगा जिसके अंतर्गत उपखंड मुख्यालय पर पर स र्किट हाउस के सामने रोजगार आंदोलन होगा। भरतपुर संभाग प्रभारी जीतेंद्र सिंह बेनीवाल ने बताया की संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के आहवान पर देश भर में 60 लाख खाली सरकारी पदों पर तुरंत भर्ती करने एवं राष्ट्रीय रोजगार नीति कानून पास करने के मसले पर 26 नवंबर को देशभर में 500 स्थानों पर रोजगार आंदोलन का आयोजन हो रहा है । इसी के तहत उपखंड मुख्यालय वैर पर सर्किट् हाउस के सामने एक दिवसीय शांतिपूर्ण रोजगार आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है ।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली** (नि.स.) जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों के उप चुनाव माह नवम्बर मे घोषित कार्यक्रम के अनुसार रिक्त वार्ड मे निर्वाचन के लिये मतदान प्रक्रिया 25 नवम्बर सम्पन्न होगी। उन्होने बताया की निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भयमुक्त सम्पन्न कराये जाने की दृष्टि से नगर परिषद करौली के वार्ड संख्या 7 के लिये नायब तहसीलदार करौली महेन्द्र कुमार जैन को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।इसके अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त मतदान क्षेत्र मे मतदान दिवस 25 नवम्बर को औद्योगिक,वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कामगारों सहित आकस्मिक कामगारों के लिये सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

### समीक्षा बैठक 28 को

**करौली** (नि.स.) जिला परिषद के मुख्य आयोजना अधिकारी ने बताया कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक के साथ बीस सूत्री कार्यक्रम माह अक्टूबर की प्रगति समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता मे 28 नवम्बर को प्रात: 11.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित की जायेगी।

## गोयनका को मिला कैलादेवी में सम्मान

**हिण्डौन सिटी** ।भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय जयपुर द्वितीय द्वारा एक अभिकर्ताओं का सम्मेलन मां केला देवी आश्रम कैलादेवी में आयोजित किया गया जिसमें मंडल कार्यालय के विक्रय प्रबंधक बबलू मीणा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों के प्रबंधक श्रीपति वर्मा रहे।

कार्यक्रम के दौरान हिंडौन सिटी शाखा के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार लक्ष्मण गोयंका का उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य अतिथि प्रबंधक विक्रय बबलू मीणा व मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों के प्रबंधक श्रीपति वर्मा ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। लक्ष्मण गोयनका का पूर्व में भी कई देश विदेशों में भी सम्मान किया जा चुका है । कार्यक्रम का मंच संचालन जयपुर मण्डल द्वितीय के मुख्य जीवन बीमा सलाहकारों के उपप्रबंधक डी एल मीणा ने किया। कार्यक्रम में जयपुर मंडल द्वितीय के विक्रय प्रबंधक बबलू मीणा ने धनवर्षा पॉलिसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक गारेण्टेड पॉलिसी है जिसमें दस गुणा व सवा गुना रिस्ककवर मिलता है और 10 और 15 वर्ष के लिए ले सकते है ।

## पुनीत सागर अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

**गंगापुर सिटी** । गुरूवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वावधान में 14 राज॰ बटालियन एनसीसी कोटा के निर्देषानुसार ''पुनीत सागर अभियान'' के तहत संगोष्ठी आयोजित कर जन जागरूकता रैली निकाली गई।

कार्यक्रम संयोजक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ॰ विजेन्द्र कुमार मीना ने पुनीत सागर अभियान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि एनसीसी के द्वारा 1.12.2०21 को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता को प्रोत्साहन देते हुए प्लास्टिक और अन्य अपषिष्ट पदार्थो से समुद्र तटो, नदियो और झीलो सहित अन्य जलीय निकायो को साफ करने के लिए प्रारम्भ किया गया था। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. रमेष चन्द वर्मा ने संबोधित करते हुए प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तथा डॉ. सुमित्रा मीना ने पुनीत सागर अभियान को जल संरक्षण हेतु सबसे अच्छी पहल बताते हुए अभियान को सफल बनाने में एनसीसी के प्रयासो की सराहना की। डॉ. कैलाष बैरवा ने बताया कि यह स्थानीय लोगो को षिक्षित करने और स्वच्छ भारत के बारे जागरूक करने का प्रयास करता है। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार मीना ने कहा कि अभियान के दौरान एकत्रित किये जाने वाले कचरे को सरकार/निजी एजेन्सियो के सहयोग से पर्यावरण के अनुकूल तरीके से निपटाया जाना चाहिए। तत्पष्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द वर्मा ने रैली को हरी झन्डी दिखाकर रवाना किया जो कि महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर सैनिक नगर, आदर्ष नगर, उदेई मोड से गुजर कर वापस माविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। आयोजन के उपरान्त प्रो. उर्मिला मीना ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य प्रो. सुरेष चन्द मीना, डॉ. बीएल मैनावत, प्रो. गंगाराम मीना, प्रो. कल्लन सिंह मीना, प्रो. चंद्रषेखर मीना,प्रो. रामनरेष मीना, प्रो. धर्मराज मीना, डॉ. सतीस मीना, प्रो. प्रधान सिंह, डॉ. महेन्द्र शर्मा, डॉ. अषोक शर्मा, डॉ. हरिसिंह एवं एनसीसी कैडेट और विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया।

## विवेकानंद संदेश यात्रा का स्वागत

**गंगापुर सिटी** । खेतडी से शुरू हुई भारत विकास परिषद की विवेकानंद संदेश यात्रा के गुरूवार को गंगापुर सिटी पहुंचने पर स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा कुशालगढ, विवेकानंद, सुभाष एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया गया।

इस दोरान गुलकन्दी देवी आदर्श विद्या मंदिर में विवेकानंद संदेश यात्रा का पूजन कर भारत विकास परिषद की पांचों शाखाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पदाधिकरी एवं समस्त सदस्य ने जयघोष बैण्ड के साथ शहर के मुख्य मुख्य बाजारो से होते हुए रैली को निकाला।

इस दौरान सबसे आगे रथ जिसमें सजी स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा एवं उसके पीछे गुलकन्दी स्कूल का बैण्ड एवं सभी शाखाओ के सदस्य परिवार अनुशासन के साथ रैली के रूप में निकले तो शहर के सभी संगठनो ने स्वागत में पलक पावडे बिछा दिए। सभापति ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा विवेकानंद संदेश यात्रा को निकाली जा रही है। हमारा सौभाग्य है कि जिसे उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड ने रवाना किया।

# रोजगार कार्यक्रम में युवाओं का किया जायेगा पंजीयन

करौली में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आईवीईपी कार्यक्रम चलाया जायेगा।

**करौली** (नि.स.) । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र करौली द्वारा इंटेंसिव वॉलिंटियर इनरोलमेंट प्रोग्राम चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 से 29 साल के युवाओं का 3 साल के लिए पंजीयन किया जाएगा। जिसमें पंजीकृत युवा केंद्र सरकार,राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियो जैसे म्यूजिक, डांस, स्पोर्ट्स, भाषण, पेंटिंग, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वच्छता श्रमदान,समाजसेवी कार्य,आपदा प्रबंधन, प्रचार प्रसार आदि में भाग ले सकते है। नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी ने बताया की इच्छुक युवा उक्त गतिविधियों में पंजीकरण हेतु संबंधित ब्लॉक राष्ट्रीय स्वयंसेवक के माध्यम से जिला नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में 28 नवंबर तक फोटो एवं आईडी के साथ अपना पंजीयन करा सकते है।

## ग्राहकों के साथ संवाद किया

**गंगापुर सिटी** । आज बैंक ऑफ बडौदा की गंगापुरसिटी शहर की तीनो शाखाओ मुख्य शाखा, कॉलेज रोड, एवं महुकला ने बैंक के फ्लैगशिप कार्यक्रम मीट एण्ड ग्रीट के तहत गंगापुरसिटी में अपने सर्वोत्तम ग्राहकों एवं अन्य बैंको के ग्राहकों के साथ संवाद एवं अभिवादन कार्यक्रम आयोजित किया। इस ग्राहक संगोष्ठी की अध्यक्षता बैंक ऑफ बडौदा, क्षेत्र सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय प्रमुख आर पी पालीवाल द्वारा की गई। संगोष्ठी मे बैंक के उत्कृष्ट ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों जैसे उद्योगों, डॉक्टर्स, बॉब वर्ल्ड, तिरंगा प्लस डिपॉजिट स्कीम एवम अन्य बैंक उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी से बैंक के डिजिटल उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया गया। मुख्य अतिथि के साथ मुख्य शाखा के शाखा प्रबंधक श्री राजीव बैरवा, कॉलेज रोड शाखा के शाखा प्रबंधक सुभाष अग्रवाल, महुकला के शाखा प्रबंधक अनूप मीना ने मंच साझा किया। क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे हुए अधिकारी विकास एवं राजेन्द्र ने बैंक के अन्य प्रमुख उत्पादों जैसे गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं एमएसएमई उद्धम ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

## सीएम दौरे का विरोध

**गंगापुर सिटी** (निस)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जिला अस्पताल के शिलान्यास सहित अनेक कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास के दौरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी गंगापुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया ।

जिला महामंत्री मनोज बंसल व पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल द्वारा कहा गया कि शिलान्यास कार्यक्रमों में आने से पहले शहर की आधारभूत सडक, बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था के मामले में आमजन को सहूलियत पहुंचाने का कार्य कांग्रेस सरकार को करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है जिसमें कांग्रेस सरकार पूर्णत: विफल साबित हो रही है। भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया गया कि पूर्व में भी महूकला अंडरपास का शिलान्यास किया गया था जो अभी तक राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त बजट के अभाव में जस की तस पडा हुआ है।

# हार से खिलाड़ी निराश ना हों : डॉ विजय सिंह

**हिण्डौन सिटी** । सौरभ एजुकेशन कैंपस खेड़ा के खेल मैदान मे चल रही अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक समापन हुआ । आयोजन सचिव प्रियाकांत बेनीवाल एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया की प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट मे कोटा विश्वविद्यालय कोटा की टीम चैंपियन रही ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय कोटा स्पोर्ट्स बोर्ड के डायरेक्टर डॉ विजय सिंह अध्यक्षता सौरभ कैंपस खेड़ा के निदेशक शिवकेश मीणा थे। सौरभ कैंपस के सचिव ज्वाला सिंह शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, कोटा से प्रतिनियुक्त आशीष यादव , भूपेंद्र यादव, एवं शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा रहे विशिष्ट अतिथि साथ में कार्यक्रम में रहे उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी डॉ सी एस चौधरी ,प्राचार्य देवेंद् अठावाल प्राचार्य ओम प्रकाश अठावाल राजूराम मीणा क्रिएटिव गंगापुर के डॉ मनोज शर्मा रहे उपस्थित रहे ।

समापन कार्यक्रम मे अतिथियों ने विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड एवं पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विजय सिंह ने कहा हार से निराश न हों खिलाड़ी हार कर ही जीतने के मुकाम तक पहुंचता है अंतर महाविद्यालय विजेता टीम ने रोजाना मैदान पर खिलकर पसीना बहाया है । इसी मेहनत व लगन के कारण टीम बधाई की पात्र है इस प्रतियोगिता मे अच्छा खेलने वालों का चयन किया गया है। बह आगे जाकर अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में कोटा विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हारजीत एक सिक्के के दो पहलू हैं कोटा यूनिवर्सिटी कोटा ने खिलाड़ियों के लिए दैनिक भत्ता भी बढ़ा दिया गया है। अध्यक्षता कर रहे शिवकेश मीणा ने कहा खिलाड़ियों को रोजगार के अवसर भी मिलने लगे हैं अच्छा खेलने वालों को सरकार नौकरियां तो दे ही रही है। साथ में पुरस्कार के रूप में नगद राशि भी दे रही है। इससे पूर्व आयोजन सचिव प्रिय कांत बेनीवाल, डॉ सी एस चौधरी , अनिल भारद्वाज वीर बहादुर ,युधिष्ठिर भाकर तेज सिंह रोत्रपाल ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधन किया कार्यक्रम का मंच संचालन प्रियाकांत बेनीवाल ने किया महिला क्रिकेट प्रतियोगिता की चैंपियन बनी मैंचौ के एंपायर अनिल भारद्वाज, प्रियाकांत बेनीवाल, गजराज मीना, स्कोरर प्रशांत अठावाल, पावस कोटा ने भूमिका निभाई।

## दक्षिणा में नियमितीकरण की मांग

**बामनवास** (निस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गंगापुर सिटी दौरे में सवाइ माधोपुर जिला अस्पताल के हो रहे भूमि पूजन के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत उस समय भोचक्के रह गए जब इस पूजन पाठ को संपन्न करा रहे एक पंडित ने दक्षिणा में संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की मांग कर ली गई । पंडित जी की चतुराई अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है । जिला अस्पताल के शिलान्यास का विधिवत पूजा अर्चना कर कार्य संपन्न करा रहे पंडित ओम प्रकाश शर्मा मौजूदा समय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा सुपरवाइजर संविदा कर्मी के पद पर तैनात है । किसी को भी यह भनक नहीं थी कि पंडित जी मुख्यमंत्री से दक्षिणा में खुद के नियमितीकरण की मांग कर लेंगे । शिलान्यास कार्यक्रम खत्म हुआ तब पंडित जी को दक्षिणा देने की बात आई तो पंडित जी ने तपाक से नियमितिकरण का मांग पत्र अपनी जेब से निकाल कर गहलोत साहब को थमा दिया।

# बिना नंबर वाले वाहनों पर लिखवाए जा रहे हैं नंबर

**धौलपुर** । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में धौलपुर जिले को सुदृढ, सुगम एवं दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए यातायात पुलिस ने एक विशेष पहल की है। जिसमें यातायात पुलिस के माध्यम से बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ मुहिम शुरू कर नंबर लिखवाये जा रहे है।

यायायात प्रभारी मंगतूराम के नेतृत्व में यातायात टीम धौलपुर शहर के गुलाब बाग, वाटरवर्क्स चौराहे, राजाखेडा बाईपास, जगदीश तिराहा, हनुमान तिराहा आदि स्थानों पर यातायात की विशेष टीमें बिना नंबर वाले वाहनों के खिलाफ मुहिम चला कर उन्हें रूकवा कर नंबर लिखवाए गए।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बिना नंबर वाले वाहनों पर नंबर अंकित की मुहिम जिले में शुरू करवाई है। इसके अन्तर्गत अब तक यातायात

धौलपुर में बिना नम्बर वाले वाहनों पर नम्बर लिखवाए जा रहे है।

पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न चैंकिग स्थानों पर कुल 169 बिना नंबर वाले वाहनों पर नंबर अंकित करवाये गये है, जिनमें 23 ट्रक, डम्पर, कटरा, कंटेनर, 52 बस, जीप, कार, पिकअप 94 ट्रैक्टर, टैम्पू, ओटों पर नंबर लिखवाये है। इस वर्ष में अब तक यातायात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान वाहनों को बिना नम्बर पाये जाने पर 547 वाहनों के चालान किये गये है।

एसपी ने बताया कि वाहनों पर नंबर नहीं होने पर अक्सर दुर्घटना वाले वाहन और उसके चालक का विवरण ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इसी कारण बिना नंबर वाले वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन भी चलाते है।

# कु. दुश्यंत सिंह का किया सम्मान

पूर्व पर्यटन मंत्री कृष्णेन्द्र कौर दीपा के पुत्र कु. दुष्यंत सिंह ( माला पहने हुए ) का भरतपुर में सम्मान किया।

**भरतपुर** (निस)। खेल मैदान दारापुर, भरतपुर में लाखन कसाना की अध्यक्षता में स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पर्यटन मंत्री कृष्णेन्द्र कौर दीपा के पुत्र कु. दुष्यंत सिंह व भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी थे एवं विशिष्ट अतिथि गौरव सरपंच लुधावई, पंचायत समिति सदस्य दनेश भातरा, जिलाध्यक्ष भगवान सिंह लोधा थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा हनुमानजी की मूर्ति के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया थे। सभी ग्रामवासियों ने पूर्व पर्यटन मंत्री के पुत्र कु. दुष्यंत सिंह का साफा बांधकर व फूलों का हार पहनाकर, प्रतीक चिंह देकर सम्मान किया। कु. दुष्यंत सिंह ने कहा कि जाट व गुर्जरों में चौदह पीढी का रिश्ता है हमारी दोनों समाजों की रीति रिवाज पहनावा हुक्का पानी सब एक है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहाकि 4 साल में कांग्रेस सरकार पूरी तरह से विफल रही है ।

## खेल-कूद प्रतियोगिता शुरु

**भरतपुर** (निस)। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में 24 से 29 नवम्बर तक खेल-कूद प्रतियोगिता चैम्प स्पोर्ट्स 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का षुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य ड्रॉ रवि गुप्ता द्वारा फुटबॉल मैदान से किया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत महाविद्यालय में विभिन्न खेल जैसे फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबिल टेनिस, षॉटपुट इत्यादि के मैच खेले जायेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि चैम्प स्पोर्ट्स 2022 प्रतियोगिता के अन्तर्गत गुरूवार को फुटबॉल का प्रथम मैच सिविल तृतीय वर्श बनाम कम्प्यूटर साइंस तृतीय वर्श के विद्यार्थियों के बीच में हुआ जिसमें सिविल तृतीय वर्श के विद्यार्थी विजयी रहे। वही बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में तीन मुकाबले हुए जय चौधरी बनाम राजाबाबू जिसमें जय चौधरी विजयी रहा है, योगेष बनाम कार्तिक जिसमें कार्तिक विजयी रहा है एवं रॉबिन बनाम षुभम सैन जिसमें रॉबिन विजयी रहा। कबड्डी में सिविल तृतीय वर्श बनाम कम्प्यूटर साइंस द्वितीय वर्श मैच हुआ जिसमें सिविल तृतीय वर्श के विद्यार्थी विजयी रहे।

# चिकित्सालय का शिलान्यास

**गंगापुर सिटी** (निस)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को गंगापुर सिटी में करीब 39 करोड की लागत से बनने वाले जिला अस्पताल की जमीन का पूजन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कोतवाली थाने का लोकार्पण और ज्योतिबा फुले की मूर्ति का अनावरण भी किया।

इस दौरान गहलोत ने कहा कि प्रदेश में 1 लाख 35 हजार युवाओं को नौकरी दी है, जबकि 1 लाख 25 हजार नौकरियों की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 1 लाख नौकरियों का बजट में प्रावधान किया है, जबकि दूसरे राज्यों में युवा नौकरी के इंतजार में है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है जो जनता की सरकार है और जनता से किए सभी वादे पूरे किए हैं। विपक्ष हल्ला मचा रहा है कि किसानों का कर्जा माफ नहीं किया, लेकिन हमारे पास पूरी लिस्ट है। हमारी सरकार हर जिले में नर्सिंग और मेडिकल कॉलेज खोल रही है। इस दौरान गहलोत ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने कर्नाटक और मध्यप्रदेश में हमारी सरकार को गिरा दिया था, लेकिन राजस्थान में जनता का आशीर्वाद होने से सरकार बच गई । उन्होंने कहा कि

गंगापुर सिटी में सीएम अशोक गहलोत ( दाएं से पहले ) ने जिला चिकित्सालय का शिलान्यास किया।

लोकतंत्र कहां जा रहा है। चुनाव लडकर जीते कोई और राज करे कोई। हॉर्स ट्रेडिंग कर सरकार बदल रहे हैं, जो लोकतंत्र की सीधे तरीके से हत्या है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए आज देश भर में राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा निकाल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने ईआरसीपीके मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने बनाई थी, लेकिन हमने इसके लिए 9 हजार 500 करोड का बजट रखा है। गहलोत ने कहा कि यह पूरी योजना 40 हजार करोड की है। हमने केंद्र सरकार से इस योजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग रखी, लेकिन केंद्र ने योजना को बंद करने की बात कही। गहलोत ने कहा कि हम इस योजना को बंद नहीं करेंगे। अगर जरूरत पडी तो इसमें और भी बजट का प्रावधान करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा अपने भाषण में कोई भी नई घोषणा नहीं करने से जनता को निराशा हाथ लगी। मुख्यमंत्री ने महुकलां अण्डरपास, चम्बल परियोजना के लिए कोई भी राशि देने के लिए घोषणा नहीं की और नाही गंगापुर को जिला बनाने का आश्वासन दिया। केवल सरकारी योजनाओ का गुणगान करते रहे। इससे पहले चिकित्सा मंत्री ने परसादी लाल मीणा ने सभा को संबोधित किया।

## ड्रेस वितरण हुआ

**भरतपुर** (निस)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अटल बंध में गुरूवार को पार्षद चतर सैनी के मुख्य आथित्य एवं प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में निशुल्क ड्रेस वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन लाखन सिंह द्वारा किया गया। महेंद्र गुप्ता एवं पुष्कर सिंह भी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा ने शिक्षा विभाग में चल रही विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में अवगत कराया। एवं विद्यार्थियों को इनका लाभ लेने हेतु प्रेरित कर सरकारी विद्यालयों में अधिक नामांकन की अपील की। पार्षद चतर सैनी ने विद्यालय विकास में योगदान करने का भरोसा दिलाया ।

**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली ( राज. )**

क्रमांक:-न.प.हि./10157 दिनांक: 23.11.2022

**लोक सूचना**

अधोहस्ताक्षर कर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि खसरा नम्बर 6343,5659, 5661, 1740, 2768, 2124, 2360, 2234, 6333, कस्बा हिण्डौन सिटी व खसरा नम्बर 1243/2 ग्राम क्यारदा खुर्द एवं खसरा नम्बर 42 ग्राम कैलाश नगर नगर परिषद क्षेत्र में स्थित भूमि या उसके भाग को गैर कृषिक परियोजना के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए खातेदार/हित बंधक भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क की उप धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के लिए उत्तदायी है।

अत: उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताऐं कि क्यों न क्या भूमि पर उसके अधिकारों और हित पर्यवसित कर दिया जावे और इसलिए क्यो न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहत किया जा सकें।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन ..... के दिन जारी की जाती है।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन